http://www.onlineBU.com

# AE-629

M.A. (Previous)
Term End Examination, 2016-17

## HINDI

Compulsory

Paper - II

## आधुनिक हिन्दी काव्य

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 100
[*Minimum Pass Marks* : 36

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

**1.** निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) ''आँखों में प्रिय मूर्ति थी, भूले थे सब भोग
हुआ योग से अधिक, उसका विषम वियोग!
आठ पहर चौंसठ घड़ी, स्वामी का ही ध्यान

http://www.onlineBU.com



छूट गया पीछे स्वयं, उससे आत्मज्ञान!''

**अथवा**

''ओ चिंता की पहली रेखा, अरी विश्व-वन
की व्याली,
ज्वालामुखी स्फोट के भीषण, प्रथम कम्प-सी
मतवाली
हे अभाव की चपल बालिके, री ललाट की
खललेखा।
हरी-भरी सी दौड़-धूप ओ, जल-माया की
चल-रेखा।''

(ख) ''धन्ये मैं पिता निरर्थक था,
कुछ भी तेरे हित न कर सका!
जाना तो अर्थागमोपाय
पर रहा सदा संकुचित-काय
लखकर अनर्थ आर्थिक पथ पर
हारता रहा मैं स्वार्थ-समर''

**अथवा**

''अटल शास्ति नित करते पालन

http://www.onlineBU.com



तुम्हारा ही अशेष व्यापार
हमारा भ्रम, मिथ्याहंकार;
तुम्हीं में निराकार साकार,
मृत्यु जीवन सब एकाकार!''

(ग) कई दिनों तक चूल्हा रोया चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।

**अथवा**

आ गये प्रियंवद! केश कम्बली! गुफा गेह
राजा ने आसन दिया। कहा–
''कृत्कृत्य हुआ मैं तात! पधारे आप।
भरोसा है अब मुझको
साध आज मेरे जीवन की पूरी होगी।''
लघु संकेत समझ राजा का
गण दौड़े! लाए असाध्य वीणा।''

http://www.onlineBU.com



**2.** ''उर्मिला का विरह साकेत की आत्मा है।'' इस कथन के परिप्रेक्ष्य में उर्मिला के विरह वर्णन की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। 15

**अथवा**

कमायनी में छायावाद के गुण-दोषों का उल्लेख कीजिए।

**3.** 'राम की शक्ति पूजा' के आधार पर निराला की काव्य-भाषा पर प्रकाश डालिए। 15

**अथवा**

प्रगतिवाद के विकास में 'नागार्जुन के कविता का अवदान' को रेखांकित कीजिए।

**4.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×5

(क) श्रद्धा सर्ग की कथा योजना

(ख) धूमिल और उनका काव्य

(ग) रघुवीर सहाय का रचना कार्य

(घ) पंत और उनका प्रकृति प्रेम

(ङ) छायावाद के चार स्तम्भ

http://www.onlineBU.com



(च) प्रयोगवाद की विशेषता

(छ) तार सप्तक और अज्ञेय

(ज) नागार्जुन और उनका काव्य शिल्प

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **20** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×20

(क) 'राम की शक्ति पूजा' के रचनाकार का नाम क्या है?

(ख) हरिऔध जी का पूरा नाम क्या है?

(ग) श्रद्धा किसकी पूत्री था?

(घ) साकेत में 'जागृत नारी' गुप्त जी ने किसे कहा है?

(ङ) 'नदी के द्वीप' कविता है या उपन्यास (या दोनों)?

(च) 'कनुप्रिया' के रचनाकार कौन हैं?

(छ) धूमिल का पूरा नाम क्या है?

(ज) 'नौका विहार' किसकी रचना है?

(झ) यशोधरा किसकी पत्नी थी?

http://www.onlineBU.com



(ञ) निराला किस युग के कवि थे ?

(ट) आधुनिक कबीर किसे कहते हैं ?

(ठ) आधुनिक मीरा कौन हैं ?

(ड) प्रयोगवाद का जनक किसे कहा जाता है ?

(ढ) प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना कब हुई थी ?

(ण) 'कामायनी' का पहला-सर्ग कौन-सा है ?

(त) 'संसद से सड़क तक' के रचनाकार का क्या नाम है ?

(थ) दुष्यंत कुमार के गजल संग्रह का नाम लिखिए।

(द) निराला की पुत्री का क्या नाम था ?

(ध) 'साकेत' में कितने सर्ग हैं ?

(न) 'मधुशाला' के कवि का नाम लिखिए।

(प) 'तुलसीदास' खण्डकाव्य के रचनाकार कौन हैं ?

(फ) बच्चन जी के दो आत्मकथा का नाम लिखिए।

http://www.onlineBU.com



(ब) 'एक कंठ विषपायी' के रचनाकार कौन हैं?

(भ) 'कामायनी' का रचनावर्ष बताइए।

(म) अज्ञेय जी का पूरा नाम लिखिए।